राजस्थान आवासन मण्डल, अध्यक्ष सचिवालय, जयपुर

कमांक : रा.आ.मं./त.स./डब्लू.सी./02/2025-26/90 **दिनांक : 15/10/25**

कार्यवाही विवरण

(कार्य समिति बैठक संख्या 02/2025-26, दिनांक 10.10.2025)

माननीय अध्यक्ष राजस्थान आवासन मण्डल एवं प्रमुख शासन सचिव, नगरीय विकास विभाग की अध्यक्षता में दिनांक 10.10.2025 को प्रातः 11.00 बजे मण्डल कक्ष में कार्य समिति संख्या 02/2025-26 की बैठक सम्पन्न हुई, जिसमें निम्नांकित अधिकारी उपस्थिति हुए :-

1. श्री देबाशीष पृष्टी	अध्यक्ष राजस्थान आवासन मण्डल एवं प्रमुख शासन सचिव, नगरीय विकास विभाग, राजस्थान सरकार वं पदेन सदस्य, राजस्थान आवासन मण्डल, जयपुर।	**अध्यक्ष**
2. श्रीमती रश्मि शर्मा	आवासन आयुक्त, रा.आ.म., जयपुर।	**सदस्य**
3. श्री रवि राय वर्मा	मुख्य नगर नियोजक, राजस्थान सरकार, जयपुर।	**सदस्य**
4. श्री अमिल अग्रवाल	मुख्य अभियंता-प्रथम, रा.आ.मं, जयपुर।	**सदस्य**
5. श्री प्रतीक श्रीवास्तव	अतिरिक्त मुख्य अभियंता-प्रथम, रा.आ.म. जयपुर	**सदस्य**
6. श्री रोहिताश सिंह यादव	वित्तीय सलाहकार एवं मु.लेखाधिकारी, रा.आ.मं. जयपुर।	**सदस्य**
7. श्री हंस राज दुपगा	अध्यक्ष महोदय के तकनीकी सलाहकार एवं अतिरिक्त मुख्य अभियंता-तृतीय, रा.आ.मं., जयपुर।	**सदस्य-सचिव**
8. श्री राकेश परिहार	अतिरिक्त मुख्य अभियंता-द्वितीय,रा.आ.म. जोधपुर।	**सदस्य**

बैठक के प्रारम्भ में, मुख्य अभियंता-प्रथम द्वारा कार्य समिति के सभी सदस्यों का स्वागत करते हुए कार्य समिति के समक्ष विचारार्थ रखे जाने वाले बिड स्वीकृति के 04 प्रकरण अंतिम विचलन पत्र के अंतरिम विचलन पत्र, समायावधि एवं अतिरिक्त मद के 06 प्रकरण, एवं वास्तुविद सेवा हेतु प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति 03 प्रकरण एवं कार्य विभाजन के 01 प्रकरण कुल 14 प्रकरणों के एजेण्डा का संक्षिप्त विवरण प्रस्तुत किया। समिति के समक्ष कार्य से सम्बन्धित मुख्य अभियंता द्वारा प्रस्तुत प्रकरण में वर्णित प्राप्त बिड दर इत्यादि के बारे में विस्तृत रूप से स्पष्ट किया गया।

15.10.2025

कार्य समिति के समक्ष पूर्व कार्य समिति की बैठक संख्या 01/2025-26 दिनांक 21.04.2025 का कार्यवाही विवरण कमांक रा.आ.म./त.स./डब्लू.सी./01/2025-26/59 दिनांक 25.04.2025 लिये गये निर्णयों की कियान्विति रिपोर्ट प्रस्तुत की गई। अवलोकन पश्चात बैठक कार्यवाही विवरण एवं कियान्विति रिपोर्ट का अनुमोदन किया गया।

विचार बिन्दुओ का प्रकरणवार विस्तृत चर्चा उपरान्त, कार्य समिति द्वारा लिये गये निर्णयों का विवरण निम्नानुसार हैः-

एजेण्डा संख्या	प्रस्ताव	निर्णय
i.	*Minutes of the Works Committee Meeting No 01 / 2025-26*	बैठक संख्या- 01/2025-26 दिनांक 21-04-2025 का कार्यवाही विवरण का अवलोकन किया गया।
ii.	*Action Taken Report of Decisions of Works Committee Meeting No 01 / 2025-26 held on 21-04-2025*	अवलोकन पश्चात बैठक संख्या- 01/2025-26 दिनांक 21-04-2025 में लिये गये निर्णयों की कियान्विति रिपोर्ट का अनुमोदन किया गया।
1.	Approval of Bid on the basis of Counter offer accepted by lowest bidder for the work Construction of EWS-122 (Size 4 mtr. X 11 mtr.) Houses at Zone-L, Sector-04, Barli Housing Scheme, Jodhpur.	विस्तृत विचार विमर्श उपरान्त संवेदक M/s R.P. Goyal द्वारा RHB BSR 2024 पर 1.91 प्रतिशत अधिक काउंटर ऑफर स्वीकार करने के उपरांत कुल राशि रूपये 7,07,33,838.66 की Finacial Bid की स्वीकृति प्रदान की गई एवं काउंटर ऑफर दिये जाने तथा तकनीकी बिड स्वीकृति की कार्योत्तर स्वीकृति भी प्रदान की गई।
2.	Approval of lowest bidder in tender for Connstruction of LIG-48 Nos. (G+2) Flats, Zone-D, New RHB Scheme,Near DTO, Hanumangarh.	विस्तृत विचार विमर्श उपरान्त मैसर्स M/s Sharda Buildcon द्वारा दी गई दर बीएसआर 2013 की दरों पर 21.89 प्रतिशत Above अधिक कुल रू. 4,72,00,114.68 की Financial Bid को अधिक मानते हुए कार्यसमिति द्वारा स्वीकृति प्रदान नहीं की गई एवं संवदेक को काउंटर ऑफर दिये जाने का निर्णय लिया गया। .
3.	Approval of Financial Bid for the work Construction of LIG-64 (Size 5.75 mtr.X12.50 mtr.) Houses at Zone-J-I, Sector-04, Barli Housing Scheme, Jodhpur (SRS-2024)	विस्तृत विचार विमर्श उपरान्त प्रस्तावानुसार मैसर्स M/s R.P. Goyal द्वारा दी गई दर बीएसआर 2024 की दरों पर 1.54 प्रतिशत Below कम कुल रू. 6,06,66,864.95 की Financial Bid को कार्यसमिति द्वारा स्वीकृति प्रदान की गई एवं तकनीकी बिड़ की कार्योत्तर स्वीकृति प्रदान की गई।

15.10.2025
HANS RAJ DUPGA
TA to CHAIRMAN
RHB: JAIPUR

एजेण्डा संख्या	प्रस्ताव	निर्णय
4.	Approval of Bid for Const. of MIG-B 116 (slze 10.50 Mtr. X 18.00 Mtr.) Nos. Houses for Board Employees Scheme at Barli Housing Scheme, Jodhpur	विस्तृत विचार विमर्श उपरान्त मैसर्स M/s Jeet Construction द्वारा दी गई दर बीएसआर 2013 की दरों पर 33.87 प्रतिशत Above अधिक कुल रू. 9,25,91,991.45 की Financial Bid को अधिक मानते हुए कार्यसमिति द्वारा स्वीकृति प्रदान नहीं की गई एवं संवदेक को काउंटर ऑफर दिये जाने का निर्णय लिया गया।
5.	Approval of Final Deviation& Time extension for the work of Development Work of Bunudry Wall, Railing and Main Gates at City Park at Mansarovar, Jaipur.	विस्तृत विचार-विमर्श उपरान्त प्रस्तावानुसार कार्य के अंतिम विचलन पत्र 18.76 प्रतिशत अधिक (Excess) राशि रू. 2,62,82,191.89 की कार्यसमिति द्वारा स्वीकृति प्रदान की गई तथा अंतिम समयाविध 305 दिवस में से 263 दिवस को संवेदक स्तर पर नहीं मानते हुए तथा शेष 42 दिवस संवेदक के स्तर पर मानते हुए रू. 1,22,000.00 की शास्ति आरोपित करते हुए कार्य समिति द्वारा स्वीकृति प्रदान की गई।
6.	Approval for work of Fountain Square (Trench Gate with rail frame, Dustbins, S.S. Chamber Covers, Decorative wall, Boundary wall pillars) at Fountain Square, Mansarovar, Jaipur.	विस्तृत विचार-विमर्श उपरान्त प्रस्तावानुसार कार्य के अंतिम विचलन पत्र 20.28 प्रतिशत अधिक (Excess) राशि रू. 1,19,19,502.22 की कार्यसमिति द्वारा स्वीकृति प्रदान की गई तथा अंतिम समयाविध 169 दिवस में से 158 दिवस को संवेदक स्तर पर नहीं मानते हुए तथा शेष 11 दिवस संवेदक के स्तर पर मानते हुए रू. 32,000.00 की शास्ति आरोपित करते हुए कार्य समिति द्वारा स्वीकृति प्रदान की गई।
7.	Approval of Final Deviation for Construction of First Floor of Community Centre at Sector-2, Mansarovar, Jaipur	विस्तृत विचार-विमर्श उपरान्त प्रस्तावानुसार कार्य के अंतिम विचलन पत्र 31.45 प्रतिशत अधिक (Excess) राशि रू. 1,06,64,438.42 की कार्यसमिति द्वारा स्वीकृति प्रदान की गई तथा अंतिम समयाविध 26 दिवस में से 26 दिवस को संवेदक स्तर पर नहीं मानते हुए कार्य समिति द्वारा स्वीकृति प्रदान की गई।

15.10.2025

HANS RAJ DUPGA
TA to CHAIRMAN
RHB, JAIPUR

एजेण्डा संख्या	प्रस्ताव	निर्णय
8.	Approval of Development work of Entrance Plazas for New Sanganer Road, City Park at Mansarovar, Jaipur	विस्तृत विचार-विमर्श उपरान्त प्रस्तावानुसार कार्य के अंतिम विचलन पत्र 18.33 प्रतिशत कम (Saving) राशि रू. 3,11,85,167.76 की कार्यसमिति द्वारा स्वीकृति प्रदान की गई तथा अंतिम समयाविध 484 दिवस में से 436 दिवस को संवेदक स्तर पर नहीं मानते हुए तथा शेष 48 दिवस को संवेदक के स्तर पर मानते हुए राशि रू. 2,22,940.00 की शास्ति आरोपित करते हुए कार्य समिति द्वारा स्वीकृति प्रदान की गई।
9.	Approval of Final Deviation & Final Time Extension for External Electrification and Street light work of Group housing scheme in Aravali Vihar, Ph-II (G+3) 712 flats CMJAY scheme, Bhiwadi	विस्तृत विचार-विमर्श उपरान्त प्रस्तावानुसार कार्य के अंतिम विचलन पत्र 10.23 प्रतिशत अधिक (Excess) राशि रू. 2,93,77,202.91 की कार्यसमिति द्वारा स्वीकृति प्रदान की गई तथा अंतिम समयाविध 223 दिवस में से 223 दिवस को संवेदक स्तर पर नहीं मानते हुए कार्य समिति द्वारा स्वीकृति प्रदान की गई।
10.	Approval of Revised A&F for "Architectural Consultancy" for Proposed for Coaching Hub Scheme at Sec-16, Pratap Nagar, Jaipur.	विस्तृत विचार-विमर्श उपरान्त Approval of Revised A&F for "Architectural Consultancy" for Proposed for Coaching Hub Scheme at Sec-16, Pratap Nagar, Jaipur हेतु 1,44,76,000.00 लाख की संशोधित प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति के प्रस्ताव को स्थगित (Deferred) करने का निर्णय लिया गया।
11.	"Appointment of Architect for the Project of HIG-32 nos., MIG-B 32 Nos. & MIG-A-32 Nos. (S+8) Flats to be constructed at Aravali Vihar, Bhiwadi" के कार्य हेतु बाह्य स्त्रोत से सलाहकार सेवा हेतु प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान करने बाबत।	विस्तृत विचार-विमर्श उपरान्त प्रस्तावानुसार "Appointment of Architect for the Project of HIG-32 nos., MIG-B 32 Nos. & MIG-A-32 Nos. (S+8) Flats to be constructed at Aravali Vihar, Bhiwadi" के कार्य हेतु बाह्य स्त्रोत से सलाहकार सेवा हेतु प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति राशि रू. 11,66,000.00 की कार्य समिति द्वारा स्वीकृति प्रदान की गई।

15.10.2025
HANS RAJ DUPGA
TA to CHAIRMAN
RHB, JAIPUR

एजेण्डा संख्या	प्रस्ताव	निर्णय
12.	राजस्थान आवासन मण्डल की प्रताप नगर आवासीय योजना जयपुर के Augmentation Work of 33/11 KV GSS Mewar for Completionof load demand of New RHB Residence Schemes MNIT Faculty, Samardhi-I & II and Mahi Apartment, RHB, Paratap Nagar, Jaipur के कार्य हेतु जारी प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति राशि रूपये 728.52 लाख के कार्य विभाजन की कार्य समिति की प्रत्याशा में कार्योत्तर स्वीकृति बाबत्।	विस्तृत विचार-विमर्श उपरान्त प्रस्तावानुसार राजस्थान आवासन मण्डल की प्रताप नगर आवासीय योजना जयपुर के Augmentation Work of 33/11 KV GSS Mewar for Completionof load demand of New RHB Residence Schemes MNIT Faculty, Samardhi-I & II and Mahi Apartment, RHB, Paratap Nagar, Jaipur के कार्य हेतु जारी प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति राशि रूपये 728.52 लाख के कार्य विभाजन की कार्य समिति द्वारा स्वीकृति प्रदान की गई।
13.	सैक्टर-26, प्रताप नगर, जयपुर में प्रस्तावित "IAS Residency Phase-III" योजना के बाह्य स्त्रोत से वास्तुविद सलाहकार नियुक्त करने हेतु राशि रूपये 33.28 लाख +18% GST की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान करने बाबत्।	विस्तृत विचार-विमर्श उपरान्त प्रस्तावानुसार सैक्टर-26, प्रताप नगर, जयपुर में प्रस्तावित "IAS Residency Phase-III" योजना के बाह्य स्त्रोत से वास्तुविद सलाहकार नियुक्त करने हेतु राशि रूपये 33.28 लाख +18% GST की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति कार्य समिति द्वारा प्रदान की गई।
T-1	Approval of Provisional time extension for Providing and fixing of Stainless Steel Railling with Glass at S.S. Residency HIG 175 Flats Sector-19, Pratap Nagar, jaipur.	विस्तृत विचार-विमर्श उपरान्त प्रस्तावानुसार Providing and fixing of Stainless Steel Railling with Glass at S.S. Residency HIG 175 Flats Sector-19, Pratap Nagar, Jaipur. के कार्य की समयावधि 457 दिन अर्थात 31.12.2025 तक बढ़ाने का निर्णय लिया गया। Railing में Grade SS-304 का प्रयोग करने का भी निर्णय लिया गया।

नोट :

1. कार्य समिति की बैठक में प्रस्तुत किये गये अंतिम समयावधि प्रकरण जिनमें शास्ति आरोपित की गई है पर आरोपित शास्ति का पुनः परीक्षण वित्तीय सलाहकार के स्तर पर किये जाने हेतु निर्देशित किया गया।
2. अंतिम समयावधि के प्रकरणों में दर्शाये गये मण्डल स्तर पर विलम्ब का परीक्षण वित्तीय सलाहकार के स्तर पर किया जाकर यदि कार्य में विलम्ब मण्डल अधिकारी के स्तर पर होना पाये जाने पर मण्डल प्रशासन आवश्यक कार्यवाही करे।
3. प्रस्तुत अंतिम समयावधि प्रकरणों एवं पूर्व/प्रगतिशील कार्यों में किसी विशेष संवेदक द्वारा निर्माण कार्यों के समयबद्ध पूर्ण करने में सिथिलता बरती गई है/ बरती जा रही है के विगत 10 वर्षों में सम्पादित किये गये कार्यों में हुए विलम्ब का परीक्षण कर आदततन कार्य में विलम्ब किये जाने वाले संवदेकों के पंजीकरण

15.10.2025

HANS RAJ DUPGA
TA&O CHAIRMAN
RHB, JAIPUR

निस्तीकरण/निलंबन की कार्यवाई पंजीयन नियमों अंतर्गत कार्यवाही मुख्य अभिंयता मुख्यालय के स्तर पर की जावे।

4. यह पाया गया है कि कार्य समिति की दिनांक निर्धारण पश्चात कार्य समिति की बैठक से एक दिवस पूर्व तक कार्य समिति में रखे जाने वाले एण्जेडा प्राप्त हुए है जिससे इनका परीक्षण हेतु उपलब्ध न्यून समय के कारण कार्य समिति में विचारार्थ नहीं रखे जा सके के संबंध में संबंधित आवासीय अभियंता से देरी से प्रस्तुत करने के कारण प्राप्त कर आगामी कार्य समिति में रखे जावे।
5. आवासीय अभियंता स्तर पर यह सत्यापित किया जावे कि उनके कार्यालय स्तर पर संवेदकों के भुगतान से संबंधित कोई प्रकरण यथा विचलन पत्र, समयावधि प्रकरण एवं अतिरिक्त मद के स्वीकृति के प्रस्ताव लंबित नहीं है।
6. कार्य में आवश्यक संपादित किये जाने वाली अतिरिक्त मद सक्षम स्तर से स्वीकृति उपरांत ही संपादन करवाया जाना सुनिश्चित करे।
7. प्रत्येक कार्य की पूर्णता हेतु निर्धारित समयावधि एवं अनुबंध अनुसार वांछित प्रगति का परीक्षण आवासीय अभियंता स्तर पर प्रत्येक माह किया जाकर वांछित प्रगति प्राप्त नहीं होने की अवस्था में संवेदक के विरूद्ध नियमानुसार शास्ति आरोपित की जावे।
8. मुख्य अभियंता (मुख्यालय) द्वारा वास्तुविद सलाहकार के सूचीबद्ध हेतु नवीन प्रस्ताव आमंत्रित कर कार्यवाही की जावे।

उपरोक्त कार्यवाही विवरण माननीय अध्यक्ष महोदय द्वारा अनुमोदित है।

15.10.2025

सदस्य सचिव–कार्य समिति
एवं तकनीकी सलाहकार–अध्यक्ष
राजस्थान आवासन मण्डल
जयपुर।

HANS RAJ DUPGA
TA to CHAIRMAN
RHB, JAIPUR

प्रतिलिपि निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु :–

1. प्रमुख शासन सचिव, नगरीय विकास विभाग, राजस्थान सरकार जयपुर।
2. निजी सचिव–अध्यक्ष महोदय/आवासन आयुक्त महोदय, रा.आ.मं., जयपुर।
3. मुख्य नगर नियोजक, राजस्थान सरकार, राज. नगर नियोजन भवन, जवाहर लाल नेहरू मार्ग, बिड़ला मन्दिर के सामने, जयपुर–302004 (email: ctp-rj@nic.in)
4. मुख्य अभियंता (मुख्यालय)/प्रथम/द्वितीय, रा.आ.मं. जयपुर।
5. सचिव/वित्तीय सलाहकार, रा.आ.मं., जयपुर।
6. अति मुख्य अभियंता, प्रथम/द्वितीय/तृतीय, रा.आ.मं., जयपुर/जोधपुर।
7. समस्त उप आवासन आयुक्त, रा.आ.मं., मुख्यालय/वृत.....
8. संयुक्त निदेशक (सिस्टम एनालिस्ट), कम्प्यूटर प्रकोष्ठ, रा.आ.मं., जयपुर–ईमेल एवं वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु।
9. समस्त आवासीय अभियंता, रा.आ.मं., खण्ड.....
10.. कार्यालय/रक्षित पत्रावली।

15.10.2025

सदस्य सचिव–कार्य समिति
एवं तकनीकी सलाहकार–अध्यक्ष
राजस्थान आवासन मण्डल
जयपुर।

HANS RAJ DUPGA
TA to CHAIRMAN
RHB, JAIPUR